Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा- नौवीं
विषय- हिन्दी व्याकरण शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक: सरस हिन्दी व्याकरण (नौ एवं दस)

उपविषय : विलोम शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा नौवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य-पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस की पृष्ठ संख्या 251 पर दिए विपरीतार्थक शब्द करेंगे।
बच्चो! विलोम शब्द अथवा विपरीतार्थक शब्दों का प्रयोग भाषा को प्रभावी बनाता है। पिछली बार हमने इन विपरीतार्थक शब्दों को अधम से लेकर ऐश्वर्य तक किए थे। आज हम आगे दिए गए कुछ और विलोम शब्दों को जानेंगे। इनका अभ्यास आपने बोल-बोल कर एवं लिख-लिख कर भी करना है।
आइए, आज हम पृष्ठ संख्या 261 पर दिए शब्द औचित्य से आरंभ करते हैं :-

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| औचित्य | अनौचित्य | कटु | मधुर |
| कठोर | कोमल | कृतज्ञ | कृतघ्न |
| कपूत | सपूत | कीर्ति | अपकीर्ति |
| कुटिल | सरल | खल | सज्जन |
| खेद | प्रसन्नता | गगन | धरा |

कक्षा - नौवीं  शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

FREEMIND

विषय - हिन्दी व्याकरण ( विलोम शब्द )



| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| गरल | सुधा | ज्ञान | अज्ञान |
| गुण | दोष | गुरु | लघु |
| गृहस्थ | संन्यासी | घृणा | प्रेम |
| चल | अचल | छाँह | धूप |
| जटिल | सरल | जय | पराजय |
| जागरण | निद्रा | जीवन / जन्म | मरण / मृत्यु |
| ज्योति | तम | जंगम | स्थावर |
| तरल | ठोस | तामसिक | सात्विक |
| तीव्र | मंद | त्यागी | स्वार्थी |
| त्याज्य | ग्राह्य | क्रय | विक्रय |
| खाद्य | अखाद्य | खंडन | मंडन |
| गत | आगत | गमन | आगमन |
| गरीब | अमीर | गहरा | उथला / छिछला |
| ग्राम्य | नागर / नगरीय | गुप्त | प्रकट |
| गीला | सूखा | गोचर | अगोचर |
| घात | प्रतिघात | चढ़ाव | उतार |
| चंचल | स्थिर | छली | निश्छल |
| जड़ | चेतन | जवानी | बुढ़ापा |
| जाग्रत | सुषुप्त / सुप्त | ज्वार | भाटा |
| ताप | शीत | तीक्ष्ण | कुंठित / कुंद |
| तुच्छ | महान | तरुण | वृद्ध |
| थोड़ा | बहुत | दानी | कृपण |
| दिन | रात | दाता | याचक |
| दिवस | रात्रि | दृश्य | अदृश्य |
| देय | अदेय | देव | दानव |

बच्चो ! इन विलोम शब्दों में कुछ कठिन शब्द भी हैं जिनके अर्थ जानना आपके लिए आवश्यक है।
औचित्य का अर्थ उचित अवस्था तथा अनौचित्य का अर्थ है अनुचित अवस्था। त्याज्य का अर्थ है त्याग करने योग्य और ग्राह्य का अर्थ ग्रहण करने योग्य। खल का अर्थ है दुष्ट। कृतज्ञ का अर्थ है उपकार को मानने वाला तथा कृतघ्न इसका विलोम है और इसका अर्थ है उपकार को न मानने वाला। क्रय - विक्रय का अर्थ है खरीदना - बेचना। गमन - आगमन का अर्थ है जाना - आना। गोचर - अगोचर का अर्थ है अप्रकट - प्रकट। छली - निश्छल का अर्थ है कपटी - कपट रहित। तीक्ष्ण - बुद्धि का अर्थ है तेज बुद्धि वाला - मंद बुद्धि वाला। तरुण - वृद्ध का अर्थ है युवा - बूढ़ा। दाता - याचक का अर्थ है - देने वाला - मांगने वाला।

## गृहकार्य

सभी - छात्र अपनी पुस्तक की पृष्ठ संख्या - 26। पर दिए विलोम शब्द 'औचित्य से दानव' तक अपनी - अपनी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे। सभी छात्रों का इस कार्य को करना अनिवार्य है।

धन्यवाद।

[अंतिम पृष्ठ]